एक नजर

जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष एक की मौत एक गम्भीर

अमेठी ।थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजू का पुरवा नरैनी गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में घायल 60 वर्षीय कन्हैया लाल वर्मा की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं घायल 25 वर्षीय संतोष वर्मा का उपचार चल रहा है।मिली जानकारी के अनुसार जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में मारपीट के दौरान कन्हैया लाल वर्मा और संतोष वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार बाद हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। इलाज के दौरान कन्हैया लाल वर्मा ने दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भव्य कलश यात्रा



शुकुल बाजार अमेठी। क्षेत्र के पूरे शिवा सिंह ग्राम पंचायत निहालगढ़ सैदापट्टी निवासी राम कुमार सिंह के यहां श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है।कथा से पूर्व मंगलवार को श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली।जो प्राचीन हनुमान मंदिर महोना व कस्बा बाजार शुकुल से होते हुए श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। गाजे-बाजे के साथ महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश रखकर आदि गंगा गोमती रीछ घाट पहुंचीं। विधि-विधान से पूजन-अर्चन करने के बाद कलश में पवित्र जल भरकर यात्रा पुन: कथा स्थल पहुंच संपन्न हुई।इस मौके पर संत प्रसाद सुरजनदीन महाविद्यालय के प्रबन्धक संतोष तिवारी,सुरेंद्र प्रताप सिंह पूर्व प्रधान गोली, राम विजय सिंह,राज प्रकाश यादव,संजय तिवारी,शशि कुमार सिंह,दद्दन सिंह,प्रेम सिंह, दिनेश सिंह,डॉ बब्बन सिंह, विरेन्द्र तिवारी, हरिमगन सिंह,आनंद सिंह सहित मौजूद रहे।

भेंटुआ में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ, बच्चों ने दिखाया दमखम

भेंटुआ अमेठी। विकासखंड भेटुआ के उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को खंड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में ब्लॉक की छह न्याय पंचायतों के बालक-बालिकाएं प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन कबड्डी और खो-खो के मुकाबले हुए।प्रतियोगिता से पूर्व राष्ट्रगान के बाद खेल शिक्षक राजेश सिंह ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन की शपथ दिलाई। जूनियर बालक कबड्डी के मुकाबले में पश्चिम दुवारा की टीम ने गैरिकपुर को 18-3 से हराया। वहीं प्राथमिक वर्ग में भेंटुआ की टीम ने 20-3 से जीत दर्ज की।खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार यादव ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए शिक्षकों और अनुदेशकों की ड्यूटी लगाई है। मैदान में कबड्डी और खो-खो के दो-दो कोर्ट बनाए गए हैं।ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रामचंद्र यादव ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चिह्नित कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजने का प्रयास किया जाएगा।इस मौके पर डॉ. प्रेमनाथ मिश्रा, गिरीश चंद्र पांडेय, महेंद्र कुमार जायसवाल, कमलेश चंद यादव, अविनाश सिंह, नरोत्तम तिवारी, अभयराज यादव, राजेश सिंह, सतीश शुक्ल, डीबी सिंह, मनोज मिश्रा, राजीव गुप्ता, पवन कुमार उपाध्याय, अजय दुबे, मोहम्मद हफीज, जयकृष्ण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। खिलाड़ियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए सीएचसी की चिकित्सकीय टीम भी तैनात रही।

पट्टे की जमीन के विवाद में मारपीट

मुंशीगंज अमेठी । परतोष गांव निवासी अजय कुमार ने गांव के ही किशोरी लाल और उनके परिवार के लोगों पर घर में घुसकर मारपीट दुकान में तोड़फोड़ और नकदी छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। अजय के मुताबिक वर्ष 2001 में उनके पिता के नाम पट्टे पर मिली जमीन की पैमाइश कराई गई थी। तब से वह करीब 25-26 वर्षों से जमीन पर काबिज होकर खेती कर रहे हैं। आरोप है कि किशोरी लाल जमीन को अपना बताकर कब्जा करना चाहते हैं। इसी विवाद में उनकी गैरमौजूदगी में विपक्षी पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर घर पहुंचे। परिवार के लोगों से गालीगलौज की और दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की।आरोप है कि दुकान में रखे 10 हजार रुपये निकालने के साथ दरवाजे पर रखा धान भी उठा ले गए। विरोध करने पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित का आरोप है कि रविवार को मुंशीगंज थाने में तहरीर देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उसने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

घर में घुसकर परिवार पर हमला केस दर्ज

मुंशीगंज अमेठी ।पुरानी रंजिश को लेकर उलरा चंदौकी गांव में दबंगों ने एक घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों और ईंट से किए गए हमले में पति का सिर फट गया जबकि बेटा बेहोश हो गया। बीच-बचाव करने पहुंची महिला और उसकी बेटी को भी चोटें आईं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी विमला देवी के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब दो बजे जगदीश यादव संतोष यादव जसवंत यादव पिंटू यादव और हृदयराम यादव समेत आधा दर्जन लोग उनके घर पहुंचे। परिवार पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उनके पति अमरजीत यादव के सिर पर वार किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बेटे सूरज को भी पीटा जिससे वह बेहोश हो गया। पति और बेटे को बचाने पहुंचीं विमला देवी और उनकी बेटी के साथ भी मारपीट की गई।पीड़िता ने मुंशीगंज थाने पहुंचकर आरोपितों के खिलाफकार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

फसल कटवाने के विवाद में मां और दो बेटियों को पीटा

मुंशीगंज अमेठी । खेत में फसल कटवाने को लेकर हुए विवाद में एक महिला और उसकी दो बेटियों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।परतोष गांव निवासी कंचन गुप्ता के मुताबिक रविवार को उनके पिता किशोरी लाल गुप्ता के खेत में अजय कुमार ने कंबाइन मशीन से फसल कटवा ली थी। अपनी बेटियों अनुपमा और सुभम के साथ अजय के घर पहुंचीं। आरोप है कि वहां अजय उसके भाई सूरज कुमार और सूरज की पत्नी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मां को बचाने पहुंची दोनों बेटियों को भी पीटा गया। शोर सुनकर ग्रामीणों के जुटने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घटना आठ नवंबर की दोपहर करीब ढाई बजे की बताई गई है। दीपावली के त्योहार के चलते पीड़िता उसी दिन थाने नहीं पहुंच सकीं। ने मुंशीगंज थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दशमोत्तर छात्रवृत्ति के 5328 आवेदन शिक्षण संस्थानों में लंबित

अमेठी ।जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्या ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना कक्षा 11-12 को छोड़कर के के शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं के आवेदनों का अग्रसारण एवं निस्तारण निर्धारित समयसीमा में सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। छात्रवृत्ति पोर्टल पर जनपद के छात्र-छात्राओं द्वारा अब तक कुल 15637 आवेदन किए गए हैं जिनमें से शिक्षण संस्थानों द्वारा 10309 आवेदनों को ही अग्रसारित /निस्तारित किया गया है। जबकि शेष 5328 आवेदन अभी भी संबंधित शिक्षण संस्थानों के लॉगिन पर लंबित हैं। आवेदन लंबित रखने वाले शिक्षण संस्थानों में दशरथ देवी महाविद्यालय आदर्श नगर शुकुल बाजार के 400 बाबू महीपति सिंह महाविद्यालय तिलोई के 380 उमा महेश्वर महाविद्यालय फुरसतगंज के 366 राजीव गांधी विद्यापीठ पाकरगांव तिलोई के 295 राजर्षि रणंजय सिंह महाविद्यालय आसलदेव के 289रानी गणेश कुंवरि महाविद्यालय जामों के 204 आवेदन शामिल हैं।

भगवान चित्रगुप्त की आराधना से मिलती है सत्य, न्याय और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरण- कमल

चित्रगुप्त महाराज के कलम-पूजन कार्यक्रम में उमड़ा कायस्थ समाज, विधि-विधान से हुआ पूजन-अर्चन

रायबरेली। कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज के कलम-पूजन का कार्यक्रम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्थानीय श्री चित्रगुप्त मंदिर में श्रद्धा, भक्ति एवं पारंपरिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कायस्थ समाज के लोगों ने एकत्रित होकर भगवान चित्रगुप्त महाराज का विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन किया तथा कलम एवं दवात का पूजन कर ज्ञान, लेखन, शिक्षा और बौद्धिक उन्नति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।इस अवसर पर अखिल भारतीय चित्रांश सनातन महासभा के अध्यक्ष कमल श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज केवल कायस्थ समाज के आराध्य ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज को सत्य, न्याय, धर्म और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देने वाले देवता हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान चित्रगुप्त समस्त जीवों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले तथा न्याय के विधान में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले देव हैं।

उनकी आराधना हमें यह स्मरण कराती है कि मनुष्य के प्रत्येक कर्म का अपना महत्व है और जीवन में सदैव सत्य, ईमानदारी एवं सदाचार का पालन करना चाहिए। जिलाध्यक्ष महामंत्री मोहित श्रीवास्तव ने बताया कि स्थानीय चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त महाराज के पूजन-अर्चन के उपरान्त दिनांक 14 नवम्बर 2026 को सायं पांच बजे भगवान चित्रगुप्त महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: श्री चित्रगुप्त मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। उन्होंने समाज के लोगों से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. विजय श्रीवास्तव, डा. बी.एस. सक्सेना, रविन्द्र श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव सभासद, डा. बद्रीनाथ श्रीवास्तव, डा. रमेश श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव 'काजू', राजू श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, नागेन्द्र श्रीवास्तव, शीतल श्रीवास्तव, तनय श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव एडवोकेट, सुरेन्द्र दयाल श्रीवास्तव, ओमानन्द श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, सोमेश श्रीवास्तव, रविकाश श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, यशराज श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

मतदाता पुनरीक्षण को लेकर भाजपा कार्यालय पर हुई महत्वपूर्ण बैठक, जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने दिए आवश्यक निर्देश

सुल्तानपुर। विधायक विनोद सिंह सहित जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और शक्ति केंद्र संयोजक रहे मौजूद, पात्र मतदाताओं के नाम सूची में बनाए रखने और नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने पर दिया जोरपयागीपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अगुवाई में हुई इस बैठक में मतदाता पुनरीक्षण से जुड़े कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अभियान को लेकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां भी तय करने पर विचार-विमर्श हुआ।बैठक में जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान किसी भी पात्र मतदाता का नाम किसी भी हाल में मतदाता सूची से कटने या छूटने नहीं पाए। इसके साथ ही नए पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने सभी मंडल प्रभारियों, मंडल अध्यक्षों और शक्ति केंद्र संयोजकों को इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।बैठक में सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह, जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, संदीप सिंह, अयोध्या प्रसाद, जिला मंत्री प्रदीप शुक्ला, शिवशंकर सरोज और जिला सह कोषाध्यक्ष रचना अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।इसके अलावा जिले के विभिन्न मंडलों के प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, शक्ति केंद्र संयोजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में मतदाता पुनरीक्षण अभियान को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए संगठन स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया गया।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत 16 घायल

सुल्तानपुर । पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रॉली को मारी टक्कर। एक की मौत 16 घायल। छठ पूजा के लिए दिल्ली से बिहार जा रहे थे लोग । धनपतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत माइल स्टोन 118.8 पर हुआ हादसा । घायलों को सीएचसी कूरेभार में भर्ती कराया गया जहां गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया गया। सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार ने सीएचसी पहुंचकर घायलों का हाल लिया । कूरेभार थाना अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बोले, घायलों को बेहतर इलाज के लिए भेजा गया ।

बाइक सवार व साइकिल की भिड़ंत ,चार लोग गंभीर रुप से घायल

चांदा । बाइक सवार लोगो की साइकिल सवार से जोरदार टक्कर हो गई । जिससे बाइक पर सवार दो युवक को एक युवती व साइकिल सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गए । चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य प्रतापपुर कमैचा भर्ती कराया गया । पड़ोस के सटे जनपद प्रतापगढ़ के बॉर्डर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 731 के सोनपुरा गांव के पास कोइरीपुर से जौनपुर के तरफ जा रहे बाइक सवार लोगों की साइकिल से जा रहे व्यक्ति से टक्कर हो गई । सत्यम पुत्र राम सजीवन निवासी ग्राम भैरवपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर अपने रिस्तेदार सुरेश पुत्र राजबली निवासी कचगांव थाना कोतवाली लाइन बाजार जनपद जौनपुर सहित अपनी मौसेरी बहन खुशबू पुत्री नन्हे निवासी कोइरीपुर थाना चांदा जनपद सुलतानपुर को लेकर अपने घर जा रहे थे । तभी चांदा कोतवाली क्षेत्र के सोनावा गांव निवासी अशोक कुमार मौर्या पुत्र रामफेर अपनी साइकिल से ढकवा बाजार जा रहे थे ।

बाइक सवारो व साइकिल से भिड़ंत होने के कारण चारों मौके पर गिरकर चोटिल हो गए । सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा भर्ती कराया गया । जहां पर चिकित्सको द्वारा चारों का प्राथमिक इलाज किया गया ।

पूर्व मंत्री गिरीश नारायण की जयंती कार्यक्रम 14 नवंबर को



लालगंज (रायबरेली)। उत्तर प्रदेश सरकार के कल्याण सिंह मंत्रिमंडल में विधि एवं न्याय मंत्री रहे श्रद्धेय गिरीश नारायण पांडे की जन्म जयंती का कार्यक्रम 14 नवंबर को शांति उत्सव लान में11बजे से आयोजित होगा। इस बाबत जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अनंत पांडे (अनूप) ने बताया कि कार्यक्रम में श्रद्धांजलि सहित अन्य विविध कार्यक्रम होंगे। अनूप पांडे ने बताया कि पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे लालगंज क्षेत्र के एक सशक्त, ईमानदार और जनप्रिय नेता थे। उन्होंने विधि एवं न्याय मंत्री के रूप में प्रदेश में न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। उनका पूरा जीवन जनसेवा, समाजसेवा और राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा।

उन्होंने कहा कि गिरीश नारायण पांडे ने हमेशा गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों की आवाज बुलंद की। वे कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते थे। उनका व्यक्तित्व सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक था। आज भी क्षेत्र के लोग उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ याद करते हैं। जन्म जयंती के अवसर पर कार्यकर्ता सम्मान समारोह भी होगा। इस समारोह में पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने संगठन को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ ही श्रद्धांजलि सभा, पुष्पांजलि एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। अनूप पांडे ने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रद्धेय गिरीश नारायण पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

महेंद्र कुमार यादव बने समाजवादी पार्टी के लम्भुआ विधानसभा अध्यक्ष

चांदा । ।समाजवादी पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से संगठनात्मक स्तर पर नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसी क्रम में चांदा कोतवाली क्षेत्र के शुकुल उमरी गांव निवासी महेंद्र कुमार यादव को समाजवादी पार्टी की 190 लम्भुआ विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई।समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव एवं जिला महासचिव सलाउद्दीन की ओर से जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से महेंद्र कुमार यादव को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी दी गई। वहीं, निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष सतपाल यादव को संगठन में नई जिम्मेदारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

महेंद्र कुमार यादव को महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया। समर्थकों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में लम्भुआ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी संगठन को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

चांदा कोतवाली परिसर से लेकर सरकारी भवनों और बाजारों तक की गई आकर्षक सजावट, बच्चों के साथ प्रभारी निरीक्षक ने मनाई दीपावली

चांदा। दीपों का पर्व दीपावली चांदा क्षेत्र में हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला। घरों से लेकर बाजारों, सरकारी कार्यालयों और पुलिस थाने तक रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक विद्युत सजावट से जगमगाते रहे। लोगों ने परंपरागत तरीके से दीप जलाकर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि की कामना की।दीपावली के अवसर पर चांदा कोतवाली परिसर को विशेष रूप से रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से सजाया गया था। रोशनी से जगमगाता कोतवाली परिसर आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसी तरह क्षेत्र के विभिन्न सरकारी भवनों में भी आकर्षक लाइटिंग की गई थी।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक चांदा राजकुमार वर्मा ने सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए क्षेत्र की बस्तियों में पहुंचकर बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। उन्होंने बच्चों के बीच पहुंचकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। पुलिस की इस पहल से बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।वहीं चांदा और कोइरीपुर बाजार में दुकानों तथा मकानों को रंग-बिरंगी झालरों, आकर्षक लाइटिंग और रंगोलियों से सजाया गया था। शाम होते ही पूरा बाजार रोशनी से नहा उठा। घरों के दरवाजों पर दीपों की कतारें और आंगन में बनी रंगोलियां पर्व की सुंदरता में चार चांद लगा रही थीं।रात में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। पटाखों की गूंज और आसमान में बिखरती रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा क्षेत्र दीपावली के उल्लास में डूबा नजर आया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में पर्व को लेकर उत्साह रहा। कुल मिलाकर चांदा क्षेत्र में दीपावली का त्योहार आपसी सौहार्द, उमंग और खुशियों के बीच सकुशल संपन्न हो गया।

डी एम की अध्यक्षता में सिंचाई एवं जल संसाधन

नहरों की सिल्ट सफाई एवं सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई



सुलतानपुर। जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में सिंचाई एवं जल संसाधन, नहरों की सिल्ट सफाई एवं सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नहरों की सिल्ट सफाई, सिंचाई बन्धु तथा निर्माणाधीन एवं संचालित परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में अवगत कराया गया कि नहरों की सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग के कार्यों को प्रारम्भ करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार नहरों की सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग का कार्य नवम्बर माह के द्वितीय सप्ताह में प्रारम्भ कर '15 दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य' निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने विभागीय कार्यों की समयबद्धता एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में सिंचाई व्यवस्था से जुड़े विषयों तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त जनपद में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक में राजकीय नलकूपों के जीर्णोद्धार की परियोजना, राजकीय नलकूपों की वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित परियोजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों, अब तक प्राप्त प्रगति तथा अवशेष कार्यों के संबंध में विभागीय विवरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने विभागीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखते हुए निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्यों को पूर्ण कराने पर जोर दिया। बैठक में विभागीय कार्ययोजना के अनुसार नहरों की सिल्ट सफाई, सिंचाई व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा संचालित परियोजनाओं की प्रगति से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियन्ता एवं संबंधित विभागीय अधिकारी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एक नजर

बिस्त्री के तीन लाख रुपये से भरा बैग लूटकर फरार

हरदोई। कोतवाली देहात क्षेत्र में बाइक सवार तीन बदमाशों ने देशी शराब ठेके के सेल्समैन से बिक्री की रकम से भरा बैग लूट लिया। बैग में करीब ढाई से तीन लाख रुपये बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।शहर के आशानगर निवासी राजेश कुमार सिंह हरियावां स्थित देशी शराब के ठेके पर सेल्समैन हैं। रविवार रात करीब 10 बजे वह ठेका बंद कर बिक्री की रकम बैग में रखकर कैंटीन संचालक सुरजीत कुमार के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। रात करीब 10-26 बजे पोखरी तिराहे से लगभग 100 मीटर आगे पिहानी चुंगी की ओर पहुंचते ही बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उनका बैग लूट लिया और फरार हो गए।घटना के बाद पीड़ित ने ठेका संचालक को सूचना दी और उनके साथ कोतवाली देहात पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक पवन प्रताप सिंह को सौंपी है। पुलिस बदमाशों की पहचान और लूटी गई रकम की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

चार नामजद आरोपियों में तीन गिरफ्तार

हरदोई। कासिमपुर थाना क्षेत्र में 38 वर्षीय मंटू सिंह हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार नामजद आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी अभी फरार है। मंटू सिंह 30 अक्टूबर को लापता हो गए थे। तीन नवंबर को उनका शव ग्राम बहलोलपुर में सुशील के धान के खेत में पड़ा मिला था। मामले में मृतक के पिता उदय प्रताप सिंह ने सिरौली गांव के चार लोगों पर बेटे की हत्या कर शव छिपाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देव नारायण पुत्र रामभजन, पुतान उर्फ नीरज पुत्र बेचेलाल और वीरेंद्र उर्फ संजोगपुरी उर्फ रामविलास निवासी ग्राम सिरौली को गिरफ्तार कर लिया। मामले में नामजद चौथे आरोपी शिवराम उर्फ गोडे की तलाश जारी है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम, उपनिरीक्षक हृदयेश कुमार तिवारी, कांस्टेबल आकाश चौधरी, सचिन सिंह, जगतपाल और अखिल प्रताप शामिल रहे।

फिर महिला के पैरों पर चढ़ाई गाड़ी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

हरदोई। संडीला में दीपावली की रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से एक महिला और उसका बेटा घायल हो गए। आरोप है कि चालक ने पहले बेटे को टक्कर मारी और फिर महिला के दोनों पैरों पर गाड़ी चढ़ा दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सामने आया है। कांति देवी दीपावली की रात दुकान बंद कर रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें और उनके बेटे को टक्कर मार दी। आरोप है कि चालक ने महिला के पैरों पर वाहन चढ़ा दिया और मौके से निकल गया।घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला चर्चा में है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक अनुज जायसवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिम्मेदारों की कार्यशैली पर उठे सवाल

शाहाबाद (हरदोई)। तहसील क्षेत्र के गौ आश्रय स्थलों में गोवंशों की लगातार घटती संख्या को लेकर ग्रामीणों ने चिंता जताई है। ग्रामीणों का आरोप है कि आश्रय स्थलों में गोवंशों की संख्या कम होती जा रही है, जबकि सरकारी अभिलेखों में दर्ज संख्या के आधार पर खर्च लगातार जारी है। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है।विकासखंड टोडरपुर के पारा, करवां, मंझिला और चठिया सहित कई गांवों में संचालित गौ आश्रय स्थलों की स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि एक वर्ष पहले इन आश्रय स्थलों में सैकड़ों की संख्या में गोवंश मौजूद थे, लेकिन अब उनकी संख्या घटकर कुछ दर्जन रह गई है।ग्रामीणों का आरोप है कि गोवंशों की संख्या में कमी के बावजूद भूसा, चारा और रखरखाव पर होने वाला सरकारी खर्च पहले की तरह ही दिखाया जा रहा है। कुछ आश्रय स्थलों को आपस में मिलाकर समाप्त किए जाने की बात भी सामने आ रही है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी राहुल पांडेय से गौ आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि वास्तविक गोवंशों की संख्या, सरकारी अभिलेखों और खर्च का मिलान कराया जाए, ताकि अनियमितताओं की स्थिति स्पष्ट हो सके और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

पुलिस इंस्पेक्टर के घर चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, 15 हजार रुपये बरामद



हरदोई। शहर की गंगानगर कॉलोनी में पुलिस इंस्पेक्टर के घर हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के 15 हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी ने घर में घुसकर नकदी और जेवरात चोरी करने के साथ जमकर तोड़फोड़ भी की थी।लखीमपुर में तैनात इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह का परिवार गंगानगर कॉलोनी में रहता है। उनकी पत्नी रागिनी शर्मा शिक्षिका हैं। वह दो नवंबर को परीक्षा देने लखनऊ गई थीं। पांच नवंबर को घर लौटने पर उन्हें घर का सामान बिखरा मिला। चोर ने दरवाजे और खिड़कियों की ग्रिल तोड़कर घर में प्रवेश किया था। उसने एलसीडी टीवी सहित घरेलू सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया था। परिवार ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी होने की बात कही थी।पुलिस के मुताबिक आरोपी ने वारदात के दौरान घर में शराब भी पी और नशे की हालत में वहीं सो गया था। कोतवाली शहर पुलिस ने जांच के बाद बहलोली गांव निवासी रामगोपाल उर्फ छोटे पुत्र रामकुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 15 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

भ्रष्टाचार के सिंडिकेट के खिलाफ अकेली लड़ाई सुल्तानपुर में बाल दिवस पर गूंजेगी न्याय की हुंकार

सुल्तानपुर। पिछले लगभग डेढ़ साल से मैं न्याय के लिए भटक रही हूँ और यह मेरी अकेले की लड़ाई नहीं, बल्कि नौनिहालों के हक की लड़ाई है। आगामी 14 नवंबर बाल दिवस को तिकोनिया पार्क में मेरा आमरण अनशन शुरू होगा। अब वहां से तभी हटूंगी, जब या तो भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट आ जाएगी या फिर मेरी मृत्यु हो जाएगी।यह बेहद भावुक और तल्ख बयान मध्याह्न भोजन योजना घोटाले की शिकायतकर्ता ममता सिंह ने दिया है। उनके इस बड़े ऐलान के बाद शिक्षा विभाग से लेकर प्रशासनिक महकमे तक में हड़कंप मच गया है।**डेढ़ साल से चल रही है न्याय की जंग**आजमगढ़ के सिधारी की रहने वाली ममता सिंह पिछले डेढ़ साल से सुल्तानपुर में भ्रष्टाचार के एक बड़े सिंडिकेट के खिलाफ अकेले जंग लड़ रही हैं। उन्होंने संविदा कर्मी संदीप यादव के विरुद्ध मध्याह्न भोजन योजना में करोड़ों के घोटाले, आय से अधिक संपत्ति और फर्जी नियुक्तियों के पुख्ता सबूतों के साथ शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए 3 मई 2025 को संयुक्त मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति बनाई गई थी, जिसे महज एक सप्ताह में रिपोर्ट देनी थी। लेकिन अफसरों की लालफीता शाही के चलते 18 महीने बाद भी जांच ठंडे बस्ते में है। सुल्तानपुर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता की ढुलमुल नीति और लचर रवैये के कारण ही नौनिहालों के हक पर डाका डालने वाले आरोपी आज भी खुलेआम घूम रहे हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सभी अभिलेखो में मेरी उम्र 07 जुलाई 1975 अंकित है जो सही है लेकिन आर्मी अभिलेख में त्रुटि वर्ष 07 जुलाई 1971 लिख गई है जो गलत है । **श्रीमती माया पाठक पत्नी अखिलेश कुमार पाठक पूर्व निवासी ग्राम रामपुरबबुआन पोस्ट तिरहुत थाना हलियापुर जनपद सुलतानपुर, वर्तमान निवासी डिप्टीगंज हरिहरपुर नीलमथा थाना सुशांतगोल सिटी लखनऊ।**